Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to reopen Kendriya Vidyalaya in Ranchi Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची): मैं सरकार का ध्यान रांची संसदीय क्षेत्र (झारखंड) के खेलारी प्रखंड के गांव इकरा जिला रॉची में बंद पड़े केन्द्रीय विद्यालय की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह केन्द्रीय विद्यालय 7 साल से बंद पड़ा है जिसके कारण सी.सी.एल. में कार्यरत व्यक्तियों के बच्चों की साक्षरता की गुणवत्ता में काफी कमी आई है। जबकि यहां पर भारत सरकार के उपक्रम सी.सी.एल. द्वारा बड़े पैमाने में कोयला खनन हो रहा है जिसमें हजारों लोग इकरा गांव के आसपास के खनन परियोजना में काम करते हैं। केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना संबंधी नियमों के अनुसार उपक्रम में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ने के लिए केन्द्रीय विद्यालय होने का प्रावधान है। कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल ने यहा के भ्रमण के दौरान बंद पड़े केन्द्रीय विद्यालय को खोलने का आश्वासन दिया था।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि डकरा क्षेत्र में खनन परियोजना में कार्यरत मजदूरों, इस कोयलांचल के निवासियों, सी.सी.एल. अधिकारियों एवं कर्मियों के बच्चों के लिए इकरा के बंद पड़े केन्द्रीय विद्यालय को खोला जाए।